<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 मई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण की चौदह सीटों के लिए मतदान कल, आज रवाना की जा रही हैं पोलिंग पार्टी
- लोकसभा चुनाव के छठे और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान तेज, विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक कर रहे हैं जनसभाएं
- वाराणसी समेत लोकसभा के सातवें चरण की तेरह सीटों पर एक सौ चौवालीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में, छह प्रत्याशी लड़ रहे हैं दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव
- भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी, प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कल चौवालीस डिग्री तक पहुंचा तापमान

**********

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की प्रदेश की चौदह सीटों के लिए कल मतदान होगा । स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आज इन संसदीय क्षेत्रों में पोलिंग पार्टी आज रवाना की जा रही हैं। इस चरण की सभी सीटों पर कल शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया । यह सीटे हैं लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा । इनके अलावा लखनऊ की पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भी कल ही वोट डाले जायेंगे।

पांचवें चरण में देश में चर्चित लखनऊ, अमेठी और रायबरेली सीटों पर भी वोट डाले जायेंगे। लखनऊ संसदीय सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। वह पिछले दो चुनावों में यहां से निर्वाचित रहे हैं। श्री सिंह का मुकाबला इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी के पार्टी प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा और बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार सरवर मलिक सहित दस उम्मीदवारों से है। वहीं रायबरेली सीट से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपना राजनैतिक भाग्य आजमा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने उनके खिलाफ प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव समर में उतारा है।

उधर, अमेठी संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वहां कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मोहनलालगंज सुरक्षित सीट से केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री कौशल किशोर तीसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने प्रदेश के पूर्व मंत्री आर.के.चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है।

वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इन चौदह सीटों में से तेरह सीटें जीती थीं। कांग्रेस सिर्फ रायबरेली सीट जीत सकी थी और वहां से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी निर्वाचित हुई थीं।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे और अंतिम चरण के लिये सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है । इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल बस्ती में भाजपा प्रत्याशी हरीशी द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों से पच्चीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। सरकार की नीतियों से ही दुनिया में भारत के प्रति धारणा बदली है और इसे सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा है।

उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पांचवे चरण के चुनाव वाले झांसी, बांदा और ललितपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया ।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बलरामपुर में श्रावस्ती सीट से पार्टी प्रत्याशी रामशिरोमणि वर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का पूरा कर्ज माफ किया जायेगा और युवाओं को नौकरियां दी जायेंगी। श्री यादव ने कहा कि चुनाव में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना जरूरी है, क्योंकि यह चुनाव संविधान को बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने बस्ती में पार्टी प्रत्याशी लवकुश पटेल के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि बहुजन समाज पार्टी अपने बल–बूते पर चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस, सपा तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा कई पार्टियों का गठबंधन कर के चुनाव लड़ा जा रहा है।। उन्होंने कहा कि चुनाव में टिकट के बंटवारे में उनकी पार्टी ने सर्व समाज के लोगों को उचित भागीदारी दी है।

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में श्रावस्ती समेत चौदह संसदीय सीटों पर पच्चीस मई को मतदान होगा। श्रावस्ती के चुनावी परिदृश्य पर एक नजर

***श्रावस्ती लोकसभा में चुनाव की सरगर्मियां तेज हो चुकी है इस सीट को एक तरीके से अगर देखा जाए तो हॉट सीट माना जा रहा है यहां पर बड़े–बड़े दिग्गज अपनी प्रतिष्ठा बचाने में लगे हुए हैं चाहे समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव अपने***

*प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा की प्रतिष्ठा बचाने में लगे हैं तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी साकेत मिश्रा पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में है जिनको लेकर प्रधानमंत्री खुद एक बड़ी चुनावी जनसभा करने वाले हैं तो वही बसपा के स्थानीय उम्मीदवार भी स्थानीय वोट समेटने में जुटे हुए हैं अब देखना है कि 25 मई को जनता किसके हक में वोट करती है। अम्मार रिजवी आकाशवाणी समाचार श्रावस्ती।*

उधर अम्बेडकरनगर संसदीय क्षेत्र में भी चुनावी गतिविधियां चरम पर है। और ब्यौरा आकाशवाणी प्रतिनिधि से

*मई के इस महीने में सूरज की तपिश के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर अम्बेडकरनगर का सियासी तापमान अपने चरम पर है। राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं का हुजूम अपने अपने प्रत्याशियों को जिताने में जुट गए हैं। गांव के नुक्कड़ की दुकानों से लेकर शहर के चौराहों तक हर जगह सियासत की ही चर्चा हो रही है। अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट को लेकर वैसे तो आठ प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमे तीन प्रमुख दल सपा, बसपा और भाजपा शामिल हैं। इस लोकसभा सीट को लेकर सपा और भाजपा में सीधा मुकाबला दिख रहा है। भाजपा की तरफ से केशव प्रसाद मौर्या और स्वतंत्र देव सिंह ने अलग अलग जनसभाओं को संबोधित किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शिवबाबा के मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार जरूरी है। प्रयास सभी दलों की तरफ से जारी है और परिणाम 4 जून को आएगा। अनुराग चौधरी आकाशवाणी समाचार, अम्बेडकरनगर।*

छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर संसदीय सीटों के लिए पच्चीस मई को मतदान होगा। वहीं, सातवें चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बासगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्टसगंज सीटों पर एक जून को वोट डाले जाएंगे।

**********

राज्य में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में नाम वापसी के बाद अब कुल एक सौ चौवालीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लखनऊ में बताया कि लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में तेरह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए तीन सौ सत्रह प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। नामांकन पत्रों की जांच में एक सौ सड़सठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए और छह प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिए। वहीं सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए कुल छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**********

देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने परिवार के साथ कल अयोध्या में रामलला का दर्शन–पूजन किया। उन्होंने परिसर स्थित कुबेर टीला का भी दर्शन किया। इससे पहले श्री कोविंद ने हनुमानगढ़ी पर पूजा–अर्चना की और रायगंज स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में ज्ञानमती माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में लू और भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विज्ञान विभाग ने राजधानी लखनऊ सहित आसपास के जिलों में बीस मई तक भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। इस बीच, कल लखनऊ में अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री तक पहुंच गया। यह इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है। उधर, मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया है कि प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों समेत पूर्वी उत्तर प्रदेस के गोरखपुर और आसपास के जिलों में आगामी इक्कीस से लेकर तेइस मई के बीच हल्की बूंदाबांदी व वर्षा की भी संभावना है।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अलग–अलग आतंकी संगठनों से कनेक्शन के आरोपों में गिरफ्तार ग्यारह आरोपियों को कल सशर्त जमानत दे दी। इन लोगों पर आतंकी संगठन अलक़ायदा और जमात–उल–मुजाहिदीन से जुड़े आतंकियों की मदद का आरोप है। इन सभी को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी द्वारा नब्बे दिन के भीतर आरोप पत्र दाखिल न कर पाने की वजह से न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी और मनीष कुमार निगम की खण्डपीठ ने यह फैसला सुनाया।

**********

कल अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर कुशीनगर जनपद के राजकीय बौद्ध संग्रहालय में वर्तमान समय में संग्रहालय का महत्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मथुरा जिले के राजकीय संग्रहालय में एक दिवस निःशुल्क भ्रमण की सुविधा और जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**********